जीविका
ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार

बिहार सरकार

विद्युत भवन – 2, बेली रोड, पटना – 800 021, दूरभाषः +91–612–250 4980, फैक्सः +91–612–250 4960, वेबसाइटः www.brlps.in

Ref NO!— BRLPS/Proj-NF/1661/19/4991 Date - 05.12.2022

प्रेषक,

राहुल कुमार, भा० प्र० से०
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक।

सेवा में,

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम, पटना।

विषय:- दिनांक 15 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2022 तक गाँधी मैदान, पटना में आयोजित किये जाने वाले क्षेत्रीय सरस मेला के आयोजन के क्रम में मेला में सामान्य साफ-सफाई एवं कचड़ा प्रबंधन के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय में सूचित करना है कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार की ओर से जीविका द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2022 तक पटना में बिहार सरस मेला का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से संध्या 8.00 बजे तक किया जाना है। इस सन्दर्भ में जीविका द्वारा मेले के सफल आयोजन हेतु खुली निविदा द्वारा चयनित एक इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी – पिरामीडफैबकॉन इवेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लि. की सेवा ली जा रही है। बिहार सरस मेला के सफल आयोजन एवं आम नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने हेतु मेला एवं परिसर के आस-पास साफ़-सफाई एवं कचड़ा उठाव एवं निष्पादन के कार्य को नियमित रूप से किया जाना आवश्यक होगा। अतः अनुरोध है कि सरस मेला परिसर एवं आस-पास के स्वच्छ वातावरण बनाए रखने हेतु अग्रेतर कार्रवाई एवं दिशा-निदेश निर्गत करने की कृपा करें।

इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप में श्री पवन प्रियदर्शी, दूरभाष नंबर – 7808920117 एवं पिरामीडफैबकॉन इवेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लि. के प्रतिनिधि मो० शमीम, दूरभाष नंबर –7654168578 जिनसे संपर्क स्थापित कर आयोजन सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

विश्वासभाजन

(राहुल कुमार)

ज्ञापांक: BRLPS/Proj-NF/1661/19/4991 **दिनांक** 05.12.2022

प्रतिलिपि:

1. जिला पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. पिरामीडफैबकॉन इवेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लि. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(राहुल कुमार)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-
मिशन निदेशक